संकट में लक्ष्मण है ये राम ने मान लिया

संकट में लक्ष्मण है ये राम ने मान लिया,
संजीवनी लाने का हनुमान को काम दिया,
राम के आँखों से आंसू बहे

श्री राम ने लक्ष्मण को गोदी में सुलाया है,
असुवन की धारा से जख्मो को भिगोया है,
श्री राम के आंसू ने अमृत का काम किया,
संजीवनी लाने का हनुमान को काम दिया,
राम के आँखों से आंसू बहे

श्री राम को लक्ष्मण ने पग पग पर साथ दियां,
वो छोड़ के सब वेवव भाई संग वन में गया,
श्री राम ने लक्ष्मण के त्यागो को याद किया,
संजीवनी लाने का हनुमान को काम दिया,
राम के आँखों से आंसू बहे

संजीवनी लाकर के लक्ष्मण को बचाया है,
हनुमान ने रघु कुल के संकट को मिटाया है,
संकट मोचन केशव श्री राम ने नाम दियां,
संजीवनी लाने का हनुमान को काम दिया,
राम के आँखों से आंसू बहे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11470/title/sankat-me-lakshman-hai-ye-ram-ne-maan-liya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |